राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

द्वितीय से पंचम तल, ब्लॉक–5, शिक्षा संकुल परिसर,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर – 17

फोन नं: 0141–2709114 email : cmsmsa2018@gmail.com फैक्सः 0141–2701822

क्रमाक : रास्कूशिप / जय / सामु.गति / बाल सभा / 2018–19 / 1196 दिनांक 10/5/19

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी,
समस्त जिले।

विषय– 9 मई को ऐतिहासिक आयोजन की बधाई!

महोदय,

बालसभाओं के आयोजन की हार्दिक बधाई एवं अभिनंदन। ''टीम शिक्षा'' द्वारा 09 मई 2019 को प्रवेश उत्सव / बाल उत्सव की परिणिति के रूप में बालसभाओं के सार्वजनिक स्थान पर आयोजन कर टीम भावना का जो प्रदर्शन किया है, वह अभूतपूर्व हैं। आप सभी ने इस अवधि में यह महसूस किया होगा कि ''टीम शिक्षा'' की एकजुटता, समर्पण और लगन के कारण अन्य सभी हित धारक हमारे साथ 09 मई को बाल सभा के आयोजन के दौरान गांव के सार्वजनिक स्थान पर साथ थे।

व्यक्तिगत मैं इस ऐतिहासिक आयोजन की सफलता के लिए आप सभी को पुनः बधाई देता हूं। शिक्षा के इस महती आयोजन में आपकी सक्रिय भागीदारी की मैं सराहना करता हूं।

यह बेहद महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक रहा है कि प्रदेश के 65000 से अधिक विद्यालय, 85 लाख से अधिक विद्यार्थी और 20 लाख से अधिक अभिभावकगण किसी एक गतिविधि में एक साथ बालसभाओं में जुड़े हैं। यह सोच ही हम सबको रोमांचित करने वाली है। आप द्वारा आयोजित की गई बाल सभा के आयोजन का आकार यह था, विश्वास है कि यह अहसास ही आपको अन्दर से सम्पन्न करता सुकून देने वाला होगा।

टीम शिक्षा, राजस्थान के प्रयासों ने अब शिक्षा को सब के चिन्तन का विषय बना दिया है। आपसे अनुरोध है कि इस पत्र की भावना से हम सभी शिक्षकों (जिनके प्रयासों से हमें यह उपलब्धि और आत्म विश्वास अर्जित हुआ है) एवं अन्य सभी सहयोगी विभागों तथा सभी हित धारकों को अवगत करावें।

शिक्षा में आपके–हम सबके यह प्रयास सतत ऐसे ही जारी रहें। राजस्थान शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी बने, यहीं हो हम सबके प्रयास।

10/5/2019

(प्रदीप कुमार बोरड़)
आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव,
स्कूल शिक्षा / संस्कृत शिक्षा एवं राज. स्कूल
शिक्षा परिषद्, जयपुर

www.rajteachers.com